# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 133/2024

## इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के स्क्रूटिनी कराने हेतु अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित परीक्षार्थियों को अपने किसी एक विषय या एक से अधिक या सभी विषयों के प्राप्तांक से असंतुष्ट होने की स्थिति में उन विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका के स्क्रूटिनी कराने हेतु समिति की वेबसाईट पर **दिनांक 28.03.2024 से 04.04.2024 तक की अवधि में रू0 120/– (एक सौ बीस रूपये मात्र) प्रति विषय की दर से निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन करने हेतु विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 122/2024 के माध्यम से संसूचित किया गया था।**

**2. छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शुल्क के साथ स्क्रूटिनी कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु दिनांक 07.04.2024 तक अवधि विस्तार किया जाता है।**

3. **ऑनलाईन मोड में आवेदन करने की प्रक्रिया :–**

**(i)** उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटिनी के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु समिति की वेबसाईट **seniorsecondary.biharboardonline.com** एवं **biharboardonline.bihar.gov.in** पर "Apply for scrutiny (Intermediate Annual Examination 2024)" लिंक पर क्लिक कर परीक्षार्थी अपना रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि (उदाहरण के तौर पर 52002-24010122-27-05-1997) अंकित करते हुए अपना पासवर्ड Create कर रजिस्टर करेंगे। इस पासवर्ड को विद्यार्थी भविष्य में अपने उपयोग के लिए सुरक्षित रखेंगे।

**(ii)** रौल कोड, रौल नम्बर एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए Login करेंगे। इसके उपरांत **Application Form For Scrutiny** प्रदर्शित होगा, जिसमें विद्यार्थी का सभी विवरणी विषय सहित उपलब्ध रहेगा।

**(iii)** जिस विषय/विषयों में विद्यार्थी को उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटिनी कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना हो वे उस विषय/विषयों के सामने अंकित चेक बॉक्स के अन्दर (✓) मार्क करेंगे।

**(iv)** तत्पश्चात् Fee Payment के लिए पेज पर उपलब्ध Pay button को क्लिक करेंगे। निर्धारित स्क्रूटिनी शुल्क के भुगतान हेतु राशि डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। विद्यार्थी ऑनलाईन भुगतान के पश्चात् 24 घंटे के अन्दर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई है या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेंगे। खाता से राशि की निकासी के पश्चात् समिति के खाता में जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4. **समिति विनियमावली में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत स्क्रूटिनी निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी :–**

- यदि उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों में अंक मुख पृष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जाएगा।
- प्रदत्त अंकों के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जायेगा।
- यदि कोई प्रश्न या उसके खण्ड के प्रश्नोत्तर अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक में सुधार किया जायेगा।
- स्क्रूटिनी के परिणामस्वरूप अंक बढ़ सकते हैं, घट सकते हैं या यथावत रह सकते हैं।

5. यदि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में अधिकतम दो विषयों में अनुतीर्ण कोई विद्यार्थी स्क्रूटनी हेतु आवेदन किए जाने के साथ–साथ इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2024 में भी सम्मिलित होता है और स्क्रूटनी के परिणामस्वरूप वर्द्धित प्राप्तांक के आधार पर वह परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर लेता है तो उस विद्यार्थी का इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 का परीक्षाफल ही मान्य होगा, न कि इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2024 का परीक्षाफल।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**

Scanned with CamScanner